हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

जय माता दी ...



भाटापारा। ग्राम सूरजपुरा, डाबरापारा दुर्गा समिति

## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

# बारिश के बावजूद गरबा उत्सव में उमंग बरकरार

## कीचड़ से भी न रुका प्रतिभागियों का जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नवरात्र महोत्सव का गरबा उत्सव जिले में तीसरे दिन भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। लगातार हो रही बारिश से मैदान कीचड़ से भर गया, बावजूद इसके प्रतिभागियों के जोश में कोई कमी नहीं आई।

कार्यक्रम बारिश की वजह से विलंब शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

युवक, युवतियां, महिलाएं और बच्चे अलग-अलग थीम व विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में रंग-बिरंगे परिधानों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर रहे थे। गरबा के माध्यम से सामाजिक संदेश भी देने का प्रयास किया गया। बारिश और कीचड़ के बीच भी प्रतिभागियों की ऊर्जा देखते ही बन रही थी। माता के जयकारों के साथ पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। बलौदाबाजार, पलारी, लवन, कसडोल और भाटापारा सहित अंचल के अन्य शहरों में भी गरबा महोत्सव धूमधाम से आयोजित हो रहा है। बड़ी संख्या में दर्शक इस रंगारंग आयोजन का आनंद लेने पहुंचे और पूरे क्षेत्र में नई ऊर्जा और उमंग का संदेश फैलाया।

## आयोजन : भाजपा ग्रामीण मंडल का लगा आत्मनिर्भर भारत प्रशिक्षण शिविर

# मंत्री वर्मा ने दिए संगठन और सेवा के सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम लटुवा के नायक टार भवन में आत्मनिर्भर भारत प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती से अपनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवतावाद के विचारों को धरातल पर उतारना ही संगठन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक खड़े जरूरतमंद तक पहुँचाना ही असली सेवा है। मंत्री वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं



और माता रानी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, कहते हुए "जय माता दी" के जयकारे के साथ अपना उद्बोधन समाप्त किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमनलाल वर्मा, भाजपा जिला मंत्री चित्ररेखा साहू, जिला सह मीडिया प्रभारी मदन वर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश साहू, पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री रेवाराम साहू, मंडल महामंत्री विष्णु साहू, मुरारी कन्नौजे, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वर्मा, गजेंद्र नायक, गोविंद वर्मा साथ ही मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक-सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ, युवा और महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### स्वदेशी अपनाने की अपील

शिविर के मुख्य वक्ता टेशुलाल धुरंधर ने स्वदेशी अपनाने की अपील की और युवाओं को जीएसटी सुधार व स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनीता वर्मा ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने मंडल के कार्यकर्ताओं को परिवार की तरह एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करने की बात कही।

# बंगोली स्कूल में मना नवरात्रि व दशहरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा शारदीय नवरात्र पर्व के चलते शनिवार को स्कूल मे नवरात्रि पर्व मनाया गया, इस अवसर पर मॉ खप्पर काली की स्वरुप धारण किया । वहीं बच्चों द्वारा रावण का पुतला बनाकर दशहरा पर्व मनाया गया । साथ ही प्राथमिक शाला परिवार की ओर से नेवता भोज कराया गया जिसमें नवरात्र फलाहार केला, खीर, पुड़ी परोसा गया । उक्त कार्यक्रम प्राथमिक शाला बंगोली के प्रधान पाठक सविता चंद्राकर के निर्देशन मे संपन्न हुआ । कार्यक्रम मे उपस्थित नमन मिश्रा समन्वयक प्रधान पाठक सविता चंद्राकर प्रधान पाठक, शिक्षक-प्रतिमा वर्मा, दुर्गा साहू, शशिकला जोशी, बिट्टी नायक, सरपंच उत्तम वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष, महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### भालेसुर में बंद पड़ा मोबाइल टावर, ग्रामीण बेहाल

**हिरमी रावन** । ग्राम पंचायत भालेसूर के लोग इन दिनों मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या से गुजर रहे हैं। गांव में स्थापित मोबाइल टावर कई दिनों से बंद पड़ा हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को फोन कॉल और इंटरनेट सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि आज के समय में मोबाइल नेटवर्क जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग कार्य, शासकीय योजनाओं की जानकारी और आपसी संपर्क—सब कुछ मोबाइल नेटवर्क पर ही निर्भर है।

टावर बंद होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तो वहीं नौकरी पेशा और कारोबार करने वाले लोग भी परेशान हैं। आपातकालीन स्थिति में समय पर संपर्क न हो पाना गांववासियों की सबसे बड़ी चिंता है। ग्रामीण निर्मल धुरंधर, पूर्व सरपंच संतन बांधे का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित मोबाइल कंपनी और अधिकारियों को इसकी शिकायत की, लेकिन समस्या का अब तक समाधान नहीं हुआ।

# गिधौरी क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

क्षेत्र में एक दिनों में तीन अलग-अलग मामलों में तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। तीनों मामलों में बिलाईगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है बिलाईगढ़ थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने बताया कि पहला मामला मडकड़ी के महानदी से सामने आया जहां ग्रामीणों की सूचना मिली कि एक व्यक्ति लाश महानदी में तैर रही है सूचना पर बिलाईगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाल गया। मृतक की पहचान शिवकुमार देवांगन पिता जीवनलाल उम्र 23 वर्ष साकिन कटगी के रूप में हुआ है ।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि 23 सितंबर को मृतक प्रेम प्रसंग के चलते कटगी के पुल में अपने मोबाइल को छोड़कर महानदी में छलांग लगा दिया था। जानकारी यह भी निकल कर सामने आ रही है कि छलांग लगाने से पहले अपने प्रेमिका से मृतक ने फोन में बात भी किया था हालांकि इस बात की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है की मौत का असली कारण क्या है । 24 सितंबर को कसडोल थाने में मृतक का गुमसुदगी भी कायम हुआ था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।







### सीने में उठा दर्द, रास्ते में हुई मौत

दूसरा मामला पुर गांव से सामने आया है। जहां फिरूराम धनवार पिता पुसऊ राम उम्र 29 वर्ष को अचानक से सीने में दर्द आया इसके बाद उनके परिजन उन्हें बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए लेकिन रास्ते पर ही फिरू राम की मौत हो गई थी फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई गई है अभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का खुलासा होगा ।

### जय ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

वहीं तीसरा मामला नगर पंचायत पवनी से सामने आया है जहां 25 वर्षीय जय कुमार साहू पिता कुशवा राम साहू ने अज्ञात कारण से अपने घर के में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जब परिजन कार्य करके अपने घर पहुंचे तब घर का दरवाजा अंदर से बंद था बाड़ी की ओर जाकर देखा तब जय कुमार का शव फंदे पर लटका हुआ मिला ग्रामीणों ने बिलाईगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद बिलाईगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है फिलहाल तीनों मामलों में बिलाईगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है ।

### छात्रों को दी गई बुलिंग की जानकारी

**खरोरा** । मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह के शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि बुलिंग क्या है? किसी को डराना, धमकाना, चिढ़ाना, गलत नाम लेकर पुकारना या किसी की कोई वस्तु को बिना अनुमति उठा लेना बुलिंग कहलाता है। बुलिंग से बच्चों को शारीरिक ही नहीं मानसिक परेशानी होती है। जो बच्चे के विकास में बाधा होता है। बुलिंग से बच्चों के स्वास्थ्य पर, मानसिक विकास पर गहरा प्रभाव पड़ता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी और डर पैदा हो जाता है। इस स्थिति में बच्चों को शिक्षक से सहायता मांगनी चाहिए। इस कार्यक्रम में हेमकुमरी साहू, चरित कुमार ध्रुव व संजय कुमार बंछोर उपस्थित रहे।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

लीला देवी कॉलेज ऑफ
नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएें
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

# पुल बिना नाला बना बाधा, ट्यूब बनी नाव, विवशता बनी शव की सवारी

## बुनियादी सुविधाओं से अब भी महरूम ग्रामीण, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

आज जब सरकारें स्मार्ट सिटी और डिजिटल इंडिया की बातें कर रही हैं, तब बलौदाबाजार जिले के पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम छेरकाडीह (स ) से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक महिला के शव को अंतिम संस्कार के लिए नाले के उस पार ले जाने की मजबूरी में ग्रामीणों ने ट्यूब को नाव बनाकर पार कराया।

ग्राम छेरकाडीह टिकेश्वरी निषाद (उम्र 35 वर्ष) लंबे समय से बीमार थीं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उनका निधन हो गया। टिकेश्वरी का मायका ग्राम छेरकाडीह में ही है। जब परिजन और ग्रामीण शव को अंतिम संस्कार के लिए नाला के उस पार ले जाने लगे तो बीच में बहते नाले ने बड़ी बाधा उत्पन्न कर दी।





### पूल की मांग कर चुके हैं ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि यह नाला वर्षों से उनकी जिंदगी में बाधा बना हुआ है। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर बीमार मरीजों तक को बरसात के दिनों में नाले को पार करना बेहद खतरनाक साबित होता है। वही रोजमर्रा के जरूरी सामान के लिए भी रोज कमर तक पानी में नाला पार कर उस पार जाना पड़ता है। पुल निर्माण की मांग ग्रामीण कई बार प्रशासन के सामने रख चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### नाले में नाव बनी ट्यूब

नाले पर पुल नहीं होने की वजह से ग्रामीणों के सामने शव ले जाने का कोई साधन नहीं बचा। मजबूरीवश लोगों ने एक ट्यूब (टायर ट्यूब) के ऊपर पटिया रखकर अस्थायी नाव बनाया और रस्सियों व सहारे से शव को उस पर रखकर नाला पार कराया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि ग्रामीण किस तरह जान जोखिम में डालकर शव को ट्यूब पर संतुलित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### तेज हवा पानी से धान की फसल का हुआ नुकसान

गोपालपुर । गाँव एवं क्षेत्र मे हवा पानी आने के कारण हरहुना धान के फसल पुरा गिर गया है और खेत में पानी भरे रहने के कारण सड़ने के स्थिति निर्मित हो रही है। अभी के समय मे हरहुना धान फूल आ रहा या कोई धान फल पकड़ चुके है जिसके कारण धान के फसल वजन होने एवं सही समय मे हवा पानी आ गया उसी कारण धान पुरा गिर चुका है और किसानों को बहुत नुकसान झेलना पड़ेगा।

### राज्य स्तरीय साइकिलिंग स्पर्धा में रोशनी का चयन

**सिमगा** । विकासखंड सिमगा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुड़पार के कक्षा आठवीं की छात्रा रोशनी साहू पिता सुंदर लाल साहू का चयन राज्य स्तरीय साइकिलिंग स्पर्धा में हुआ है। इस बारे में उनके कोच व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित उक्त स्पर्धा 27 से



30 सितंबर तक राजधानी रायपुर में आयोजित होगी,जिसमें रायपुर संभाग सहित राज्य के सभी संभागों से लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि रोड साइकिलिंग में बालिका वर्ग के 14 वर्ष आयु वर्ग में रोशनी रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि के लिए मिडिल स्कूल मुड़पार के प्रधान पाठक मोहनलाल वर्मा, शिक्षक इनु राम वर्मा,गणेश राम साहू, सरपंच निर्मला निषाद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर, विकासखंड क्रीडा अधिकारी गजेंद्र साहू, शिक्षाविद युगेश साहू एवं समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

### सिटी बस मे यात्रियों से अवैध वसूली

**बंगोली** । रायपुर से खरोरा तक चलने वाली सीटी बस सीजी 04 ई 3542 मे कंडक्टर आकाश थूलकर द्वारा अवैध किराया वसूला जा रहा है । ज्ञात हो कि 26 सितंबर शुक्रवार को बंगोली से रायपुर(खालसा) के लिये चार यात्री बस मे बैठे । बंगोली से रायपुर 30 रुपये किराया है, जब कि सभी ने पचास पचास रुपये के नोट कंडक्टर आकाश थूलकर को दिये परंतु उसने किसी को भी 20 रुपये शेष राशि नहीं लौटाई तथा मांगने पर दे रहा हूं कहकर नहीं दिये ,जब कि टिकट मे बंगोली से रायपुर नियत स्थान तक का किराया 35 रुपये लिखा हुआ है ।

### जीएसटी सुधार से किसानों व आमजन को बड़ी राहत : आलोक

**खरोरा**। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधार से प्रदेश सहित देशभर के किसानों और आमजन को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री



निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानी से जुड़ी मशीनें, खाद, कीटनाशक एवं आवश्यक वस्तुओं पर कर घटने से किसानों की लागत में कमी आई है और आय में वृद्धि होगी। श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व की सरकारें किसानों की चिंता नहीं करती थीं, जबकि मोदी सरकार लगातार किसानों की आमदनी दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। पीएम सम्मान निधि, फसल बीमा योजना व कृषि सिंचाई योजना से किसानों को सुरक्षा और सुविधा मिली है। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि नए जीएसटी सुधार से डेयरी उत्पादों व रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी दरें घटाई गई हैं, जिससे आम परिवारों को सीधी राहत मिली है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक और क्रांतिकारी निर्णय बताया।

## दाऊ कल्याण महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक मना एनएसएस दिवस

# स्वयं से पहले आप के मूलमंत्र के साथ ली सामाजिक जागरूकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस बड़े उत्साह और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने नृत्य, कविता,गायन,खेल आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माई भारत नेहरू युवा केंद्र के असिस्टेंट डायरेक्टर अर्पित तिवारी विशेष अतिथि जिला रासेयो सलाहकार संदीप पांडे, सीनियर बैंक मैनेजर प्रेम मिर्झा एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राज्य गीत के साथ हुआ। प्राचार्य जेम्स ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने नरेंद्र देव मिर्झा को छत्तीसगढ़ के बेस्ट कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा ने स्वागत भाषण देते हुए एनएसएस के इतिहास और इसकी स्थापना (24 सितम्बर 1969) पर प्रकाश डाला तथा महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित इस योजना की विशेषताओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।








### समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने की ली शपथ

इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने की शपथ भी ली। अतिथि संदीप पांडे एवं प्रेम मिर्झा ने महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की सराहना करते हुए कहा कि यह इकाई निरंतर वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वच्छता अभियान और साक्षरता जैसे सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। यह उत्सव विद्यार्थियों के लिए एनएसएस के आदर्श वाक्य "स्वयं से पहले आप" को आत्मसात करने का प्रेरणास्रोत बना।

# त्रिकुटी में अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर की सहायता से आपराधिक कृत्यों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ में मिल रही है लगातार कामयाबी आरोपी को ग्राम त्रिकुटी में अवैध महुआ शराब के साथ रंगे हाथों किया गया गिरफ्तार आरोपी से 1800 कीमत मूल्य का 9 लीटर हांथ भट्टी कच्ची महुआ शराब किया गया।



जप्त किसी भी प्रकार की शिकायत सूचना अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर में करें प्रदान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना /"समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है।

### आरोपी के लिए की घेराबंदी

इसी तारतम्य में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम त्रिकुटी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 1800 कीमत मूल्य का 9 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना राजा देवरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### सूदखोरी में सक्रिय दंपति पर रिपोर्ट दर्ज

**बलौदाबाजार**। जिले में सूदखोरी के नाम पर लाखों रुपये का चूना लगाने वाले कुख्यात पति-पत्नी की जोड़ी /"बंटी और बबली/" के खिलाफ बलौदाबाजार पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि दंपति ने ब्याज के नाम पर मूल रकम से कई गुना वसूली की, साथ ही दस्तावेजों में हेराफेरी कर चेक एवं स्टांप पेपर तक में गड़बड़ी कर अवैध वसूली की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दंपति पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और अवैध वसूली जैसे गंभीर आरोप भी लगे हैं। मामले की जांच जारी है और जल्द ही पुलिस पूरे प्रकरण का खुलासा कर सकती है। सूत्र बताते हैं कि जांच के बाद इस पूरे नेटवर्क से जुड़े तीन और चेहरों के नाम सामने आने की संभावना है। गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पूर्व ही एक पीड़ित दंपति ने इन /"बंटी-बबली/" के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें धमकी देने और अवैध वसूली का आरोप लगाया गया था। उसी शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई शुरू की गई है। और थाने में 420/34 और 506 की धाराओं में **FIR** भी दर्ज कर ली गई है अब देखना यह होगा कि पुलिस इन दोनों बंटी और बबली को कब पकड़ती है।

# पचरी में प्रदर्शित हुई प्रेरणादायी हिंदी लघु फिल्म चलो जीते हैं



**खरोरा**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पचरी में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन की एक घटना से प्रेरित हिंदी लघु फिल्म "चलो जीते हैं" का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार साहू ने बताया कि यह फिल्म एक छोटे बच्चे "नारु" की कहानी पर आधारित है, जो स्वामी विवेकानंद के विचार "वही जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं" से प्रेरित होकर अपनी छोटी-सी दुनिया में समाज की सेवा और दूसरों की मदद करने का संकल्प लेता है।

शिक्षकगण युगल किशोर वर्मा, छोटे दिनेश साहू और स्वरूप चंद ध्रुव ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा इस फिल्म को स्कूलों में दिखाने की पहल बच्चों में सदाचार, सेवा और उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को विकसित करने का सराहनीय प्रयास है।

मैडम नीतू मार्को ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस फिल्म का संदेश यही है कि हमें केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और जरूरतमंदों के लिए भी जीना चाहिए। यही असली जीत और असली जीवन है। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी।

# बरौंडा में हुआ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

ग्राम बरौंडा के शासकीय माध्यमिक शाला और हाई स्कूल बरौंडा में महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक पार्वती वर्मा के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम किया गया जिसमें बालिकाओं के सुरक्षा, बच्चों के अधिकार, गुड़ टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया और बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के सम्बन्ध में जानकारी दी गई तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए संकल्प लिया गया ।

आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती व शिशुवती माताओं और ग्रामीणों को महिला बाल विकास विभाग के योजनाओं की जानकारी दी गई जिसके अंतर्गत 6 माह पूर्ण किए बच्चों का अन्न प्रसन्न किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई । इस अवसर पर ग्राम के सरपंच नीलू मढरिया, माध्यमिक स्कुल के हेड मास्टर के डी कुर्रे, शिक्षक तोपसिंऔर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्ञानेश्वरी दिवान, जानकी घिलहरे एवं अंजनी देवॉगन के साथ समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे ।



# नपं अध्यक्ष ने 50 जरूरतमंदों को बांटा कम्बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव के नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने नगर के बस स्टैंड में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्व एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा के कर कमलों से किया गया । इस बीच नगर के गणमान्य नागरिक, प्रतिनिधि सहित भाजपा नेता, नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ लोगो को कम्बल बांटा।

नगर पंचायत अध्यक्ष नगर के विकास कार्य एवं लोकहित मे अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं । यह नगर पंचायत का पहला अध्यक्ष होगा जो इस प्रकार के विकास कार्य एवं लोकहित कार्य मे अपनी अभिरुचि दिखा रहे हैं । जिसकी प्रशंसा नगर, क्षेत्र एवं पुरे जिले मे हैं. नगर की समस्या का तुरंत निराकरण, नगर की साफ सफाई,लाइट व्यवस्था, कॉलेज के छात्र व छात्राओं के आने जाने के लिए ई रिक्शा की व्यवस्था इत्यादि कई कार्य किये जा रहे हैं और नगर अध्यक्ष के मांग पर सभी वार्डो के लिए लगभग 2 करोड़ के विकास कार्य माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया ।



कार्यक्रम में ज्योति पटेल - भाजपा जिला अध्यक्ष,भाजपा मण्डल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रेवती चंद्रा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टाइगर कुर्रे, तुलसी आदित्य, खेलन यादव प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष कृषि साख समिति पिरदा , पार्षद लीलाधर वैष्णव, पार्षद देवेंद्र यादव,पार्षद महादेवा यादव,पार्षद रामू सिदार पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि रमा पटेल, डॉ. विकास कुर्रे, बाबा खाना सहित अध्यक्ष के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे ।

## एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

# पं. उपाध्याय की जयंती की भाजपाइयों ने श्रद्धापूर्वक मनायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा के साथ मनायी। पुराने नगर पालिका परिसर में स्थित उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा कि उपाध्याय जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रखर चिंतक और कुशल संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे और उन्होंने एकात्म मानववाद जैसी महान विचारधारा देश को दी। वे एक समावेशी व सशक्त भारत के समर्थक होने के साथ-साथ साहित्य में भी गहरी अभिरुचि रखते थे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, न. पा. उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनीता वर्मा, नंदकुमार साहू, नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, चितावर जायसवाल, सुशील वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, शहर मंडल महामंत्री संजय श्रीवास, पार्षद रोहित साहू, सरिता मार्के, किशन रजक, सोहनलाल साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल के सभी बूथों में भी उपाध्याय जी की जयंती पर आयोजन हुए



### कौड़िया में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई

**घोटिया** । ग्राम कौड़िया बूथ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। अटल चौक पर भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर फूल-माला,



गुलाल अर्पित कर एवं श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी स्कूल प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से पौधरोपण भी किया गया। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने उपाध्याय जी के विचारों और उनके जीवन दर्शन को स्मरण करते हुए उन्हें अपना पथ प्रदर्शक बताया। उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बूथ प्रभारी कांशीराम घृतलहरे, सरपंच प्रतिनिधि पंचायत कुसमी, जनसंघ काल से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता बिसौहाराम वर्मा और कलाराम वर्मा, पूर्व सरपंच हरिशंकर वर्मा, बूथ अध्यक्ष खिलेन्द्र फेकर, सरपंच प्रदीप कुमार वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार सेन, डिलेश्वर यादव, विक्की वर्मा, डी.के. फेकर, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अमृत सरोवर स्थल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बलौदाबाजार** । जिले के सभी विकासखण्डों के 86 अमृत सरोवर स्थल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत एक-दिन, एक-घण्टा और एक साथ अमृत सरोवरो में श्रमदान कर साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम हुआ है।

कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय जिनमें विद्यार्थी वर्ग, युवा वर्ग, स्व-सहायता समूह के सदस्य, पर्यावरण प्रेमी आदि के भागीदारी से स्वच्छता से संबंधित कार्य किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 आयोजन के लिए महात्मा गांधी नरेगा की मैदानी स्तर के अधिकारी, कर्मचारी जिनमें सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, मेट एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों की सहभागिता से सफाई अभियान चलाकर, स्वच्छता के लिए शपथ आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## दस्तावेज पूर्ण कर ले सकेंगे योजनाओं का लाभ

**बलौदाबाजार** | छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न सामग्रीमूलक योजनाओं में हितग्राहियों के आवदेन अपूर्ण होने के कारण लंबित है। हितग्राही लंबित आवेदन से सम्बधित दस्तावेज पूर्ण कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री सुरक्षा उपकरण योजनांतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों में आवश्यक दस्तावेज की कमी पाए जाने पर उन्हें अपूर्ण स्थिति में वापस कर सुधार हेतु भेजा गया है। जिसकी सूचना श्रम विभाग द्वारा विभागीय वेबसाइट एवं हितग्राहियों के श्रमिक पंजीयन कार्ड से जुडे मोबाईल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जा चुकी है। पंजीकृत हितग्राही च्वाईस सेन्टर, श्रम संसाधन केन्द्र, विभाग का वेबसाइट, श्रमेव जयते एप या श्रम कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर के माध्यम से आवशयक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं।

## प्रधान आरक्षक हुआ बर्खास्त

**बलौदाबाजार**। जिला पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक अंजोर दास मांझी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार अंजोर दास मांझी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने एवं बलौदा बाजार की कुख्यात हनी ट्रैपिंग/ भयादोहन/ सेक्स टोर्सन केस व ब्लैकमेलिंग के मामलों में लिप्त होने के आरोप लंबे समय से थे। इन मामलों में आरोपी को जेल भी जाना पड़ा था। इस दौरान उसके विरुद्ध विभागीय जांच भी संचालित की जा रही थी। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद पुलिस विभाग ने उन्हें बर्खास्त करने का निर्णय लिया।

## थाना पलारी पुलिस ने अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का किया अंतिम संस्कार

**संडी बंगला** | पलारी मानवता की मिसाल पेश करते हुए थाना पलारी में पदस्थ सहायक आरक्षक राजेंद्र ठाकुर एवं आरक्षक कृष्णा यादव ने एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का संपूर्ण विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया। 26 सितंबर को ग्राम



कोदवा में सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु पलारी नगर लाया गया। मृतक के परिजन अथवा वारिशान की पहचान नहीं हो सकी और कोई उपस्थित भी नहीं हुआ। ऐसे में मानवता का परिचय देते हुए सहायक आरक्षक राजेंद्र ठाकुर एवं आरक्षक कृष्णा यादव ने स्वयं आगे बढ़कर मृतक का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। इसके पश्चात 27 सितंबर को दोनों पुलिसकर्मियों ने पूरे सम्मान और विधि-विधान से मृतक का कफन-दफन कर अंतिम संस्कार संपन्न किया।

# हरहुने और माई किस्म की धान को बचाने मैदान में उतरे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

धान की खेती करने वाले किसानों के लिए यह मौसम बड़ी चुनौती लेकर आया है। क्षेत्र में हरहुने और माई किस्म की धान की फसल बीमारियों की चपेट में आ गई है। खेतों में हरी-भरी फसल अब पीली पड़ने लगी है और पत्तियों पर धब्बे एवं सूखने जैसे लक्षण दिख रहे हैं। इन हालातों ने किसानों की नींद उड़ा दी है।

किसानों के अनुसार यह बीमारी एक खेत से दूसरे खेत में तेजी से फैल रही है। कई किसानों ने अपने स्तर पर तुरंत दवा का छिड़काव शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि अब किसान ड्रोन तकनीक का सहारा ले रहे हैं, जिससे दवा की बारीक बूंदें खेत की हर कतार में समान रूप से पहुंच रही हैं। इससे समय, श्रम और लागत की बचत के साथ-साथ रोग नियंत्रण में भी सफलता मिल रही है। किसानों का कहना है कि मौसम का असमंजस भी परेशानी की बड़ी वजह बन रहा है। कभी तेज धूप तो कभी अचानक बारिश जैसी स्थितियों के कारण पौधे कमजोर हो रहे हैं और रोगों की चपेट में आना आसान हो गया है। बावजूद इसके, किसान हौसला नहीं हार रहे और पूरी मेहनत से अपनी फसलों को बचाने में जुटे हुए हैं।



### आधुनिक तकनीक से कर रहे दवा का छिड़काव

#### उम्मीद की डोर बरकरार

फसल पर मंडरा रहे खतरे के बावजूद किसान पूरी गंभीरता से हालात से निपटने में जुटे हैं। ग्रामीण इलाकों में अब यह आम दृश्य है कि किसान खेतों में खड़े होकर ड्रोन के जरिए छिड़काव करते हैं और हर पत्ती की निगरानी कर रहे हैं। उनका भरोसा है कि समय रहते उठाए गए ये कदम उनकी मेहनत को बर्बाद नहीं होने देंगे।

#### ड्रोन तकनीक बना किसानों का नया साथी

खेती में आधुनिक तकनीक का प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी नजर आने लगा है। खेतों में किसान अब पारंपरिक पंप के बजाय ड्रोन से दवा का छिड़काव कर रहे हैं। इससे एक तरफ जहां दवा का अपव्यय रुक रहा है, वहीं दूसरी तरफ फसल पर समान और गहरा असर भी दिख रहा है। कम समय में ज्यादा क्षेत्र में काम संभव होने से किसानों को बड़ी राहत मिल रही है।

### संभाग स्तरीय कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन से मिला राज्य स्तरीय मुकाबले का मौका

# पीएम श्री स्कूल के 10 पहलवान राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा के 10 छात्र-छात्राओं ने संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित किया है। यह प्रतियोगिता 18 सितंबर को धमतरी में हुई थी, जो स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत आयोजित की गई।

चयनित पहलवानों में अंडर 14 वर्ग से चित्रांक्ष देवांगन (75 किलो, कक्षा 6वीं) व गौरव विश्वकर्मा (58 किलो, कक्षा 9वीं), अंडर 17 वर्ग से शौर्य रात्रे (71 किलो, कक्षा 11वीं), मयंक भट्ट (48 किलो, ग्रीको, कक्षा 9वीं), तरुण साहू (65 किलो, ग्रीको, कक्षा 10वीं), बालिका वर्ग से आदित्य वर्मा (65 किलो, कक्षा 10वीं), वंशिका बंजारे (62 किलो, कक्षा 11वीं), भाग्यश्री टंडन (57 किलो, कक्षा 12वीं) तथा अंडर-19 वर्ग से वेदकुमार पटेल (74 किलो, कक्षा 12वीं) और हेमंत देवांगन (72 किलो, ग्रीको, कक्षा 12वीं) शामिल हैं।

**विद्यार्थियों की मेहनत व समर्पण का परिणाम : प्राचार्य**

विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत व समर्पण का परिणाम बताया। विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर और नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभा की बड़ी पहचान है। व्यायाम शिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि संसाधनों की कमी के बावजूद बच्चे लगातार अभ्यास कर रहे हैं। यदि बेहतर सुविधाएं मिलें तो और खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चमक सकते हैं। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, सांसद प्रतिनिधि दुलेश साहू समेत विद्यालय परिवार व गणमान्य नागरिकों ने चयनित पहलवानों को शुभकामनाएं दीं।

# किक बाक्सिंग में हरीश ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



वाको इंडिया जूनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों सोलन हिमाचल प्रदेश में किया गया। जिसमें नगर के युवा हरीश दुबे ने स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर सिमगा को गौरवान्वित किया है। उक्त प्रतियोगिता में देश के अनेक राज्यों की टीमों से 800 खिलाड़ियों व को च , ऑफिशियल ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं छत्तीसगढ़ से 33 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिनमें किकबॉक्सिंग के-1 इवेंट में सागर तुरकर ने कांस्य पदक व हरीश दुबे ने कांस्य पदक हासिल कर राज्य जिला व अपने पालक कोच का नाम गौरवान्ति किया।

- सोलन में वाको इंडिया जूनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

इनमें छत्तीसगढ़ कोच का प्रतिनिधित्व अमन सोनी, लोकिता चौहान,सर्वर एक्का, हिमांशु बारमाल, सत्यम साहू, वरुण बाग, मनोज कसेरा ने किया तथा रेफरी प्रभात साहू थे। उक्त प्रतियोगिता में राज्य के जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गो में हिस्सा लिया। साथ ही अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 9 रजत, 15 कांस्य पदक जीते। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया प्रतियोगिता के दौरान किकबॉक्सिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव अभिषेक जैन, छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदीवान, व कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा सहित विभिन्न राज्य प्रतिनिधि, अमन सोनी, सर्वर एक्का, प्रभात साहू, मनीष बग, रघुनाथ नायक, अनेक प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी ने शुभकामनाएं दी।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में अलंकरण हुआ समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अमेरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, सकरी में आज अलंकरण समारोह बड़े ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम छात्र परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व सौंपने का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बलौदाबाजार की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता थीं। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और ईश्वर प्रार्थना से हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।

प्रधानाचार्य एम. शशि कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके प्रेरणादायक करियर की सराहना की। इसके बाद विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। भावना गुप्ता ने छात्र नेताओं को बैज प्रदान कर सम्मानित किया।

### विनम्र रहने की दी सीख

अपने प्रेरणादायक संदेश में गुप्ता ने कहा कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हमें विनम्र बने रहना चाहिए। सफलता धीरे-धीरे मिलती है और हम स्वयं से प्रतिस्पर्धा कर ऊँचाइयों तक पहुँच सकते हैं।"कार्यक्रम में सुमन योगेश वर्मा (जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ), ईश्वर साहू (पूर्व सरपंच सकरी ), हरीकिशन वर्मा (सचिव ग्राम पंचायत सकरी), धनेश वर्मा (उपसरपंच), ओंकार साहू, (पूर्व उपसरपंच), आलोक बघेल (वरिष्ठ भाजपा नेता ), ऑस्कर एक्का (नोडल अधिकारी ) और कमलेश्वर यद्दु (वरिष्ठ नेता ) जैसे विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। समारोह का समापन *शिवेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, सोरभ जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# 46 छात्राओं को मिली साइकिल

**पलारी**। पलारी विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसुन्द्रा में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 46 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत देवसुन्द्रा के सरपंच अभिराम साहू ने बालिकाओं को आशीर्वचन दिए एवं बालिका शिक्षा पर प्रकाश डाले।स्कूल के प्राचार्य रोहित जायसवाल सहित शिक्षकों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत 2025-26 में 9 वीं में अध्ययनरत 46 छात्राओं को शनिवार को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बालमुकुंद यादव, हुलास वर्मा, सुरेश साहू, डाकेश्वर वर्मा, संजीव कुमार पटेल, नीलांबर देवांगन, गंगा प्रसाद कोशले, विकास तंबोली, पिंकी डहरिया, कला यादव, विक्रम वर्मा, संजय कोशले, नंदकुमार टंडन, लेखा वर्मा, हेलेश्वरी वर्मा, अन्नपूर्णा वैष्णव, अनसुईया धीवर सहित स्टाफ के शिक्षक,पालक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### जय माता दी...



भरुवाडीह। श्री सीमेंट टाउनशीप कॉलोनी

# जीरो वेस्ट अभियान के तहत लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



रजत जयंती समारोह -2025 जीरो वेस्ट कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा कार्यालय में स्वच्छता रखने का संदेश देते हुए लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया । नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा चि कि त सा शिविर का शुभारंभ करते हुए मोबाइल वाहन के माध्यम से लगभग 100 महिला एवं पुरुषों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराये जाने के साथ ही दवाई का वितरण भी मोबाइल यूनिट के द्वारा किया गया।

- नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने किया चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा भी उक्त स्वास्थ्य शिविर आयोजन में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण भी कराया गया , नगर का नगर पालिका कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रयुक्त वाहन को मुख्य मार्ग नगर पालिका कार्यालय के सामने लगाकर अन्य लोगों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के उप अभियंता विनोद यादव, मुगल किशोर साहू, कमलेश्वरी जायसवाल, नमिता ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, लेखपाल दुर्गेश साहू, मुकेश लहरे, गणेश पाडे ,अमित वर्मा ,मनी कंचन केंद्र की सुनीता साहू, सुभाषनी सेंद्रे, इंदु साहू ,वर्षा सोनी, रामनरेश मतावले, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिक व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# पनिका समाज के पदाधिकारियों ने की सीएम से सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी के नेतृत्व में अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से रायपुर निवास में सौजन्य मुलाकात किए। मुख्यमंत्री महोदय प्रदेश प्रतिनिधि मंडल के निवेदन को स्वीकार करते हुए नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए 26 सितंबर को रायपुर के लिए अपनी सहमति प्रदान किए।

दिए गए सहमति के आधार पर माननीय मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ कार्यक्रम 26 सितंबर को रायपुर में सम्पन्न होगा। मुख्यमंत्री मुलाकात में मुख्य रूप से महासचिव नान्ही दास, उपाध्यक्ष कृष्णा दास, महिला उपाध्यक्ष वेद मति, युवा उपाध्यक्ष पवन दास, कोषाध्यक्ष गोपाल दास पड़वार, सचिव गोरे दास, सह सचिव पुरुषोत्तम दास, सह सचिव मनीषा दास, घनश्याम दास, मनोहर दास, रवि, रघुवेंद्रनाथ, मोती दास, प्रशांत दास, श्रवण दास, भरत दास, शंभू दास, पुरुषोत्तम दास, मनोज दास, राहुल, विकास, शिव, विजय आदि सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## तालाब के पास से बाइक चोरी

**महासमुंद**। तालाब के पास बाइक खड़ी बाइक चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ग्राम शिकारीपाली निवासी नेमीचंद सतनामी पिता तिजाउ सतनामी ने बता कि वह 20 सितंबर को अपने पिताजी के साथ ग्राम भुरकोनी सामान खरीदने गया था। शाम करीबन 4.30 बजे बाजार तालाब के पास अपनी मोटर सायकल सीजी 06 जीके 1714 को खड़ी कर शराब खरीदने वे दोनों शराब भट्टी भुरकोनी गये। जहां से वापस आने पर देखा कि बाइक उक्त जगह पर नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

**न्यायालय तहसीलदार लवन,**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक /464/ तह./ वाचक/ 2025 लवन दिनांक 19/09/2025, रा.प्र.क्र. 202407213400001, अ-27 / वर्ष 2024-25 ग्राम कोलिहा प.ह.न. 38

**आवेदक पक्षकार**- व्यासनारायण पिता धनमान उम्र 48 व अन्य पक्षकार 01 वगै.

**// राजस्व मामले में नोटिस प्रकाशन //**

**अनावेदक पक्षकार**- 01. लवकुमार पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 02. गायत्री पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 03. अखिलेख पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 04. कमलेश्वरी पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 05. वंदना पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 06. रामकुमारी पति दीपचंद जाति कुर्मी एवं अन्य 10 पक्षकार वगै. सभी ग्राम कोलिहा प.ह.न. 38 रा.नि.म. लवन तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक व्यासनारायण पिता धनमान जाति कुर्मी व 01 अन्य निवासी ग्राम कोलिहा तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम कोलिहा प.ह.न. 38 तहसील लवन में स्थित भूमि खाता क्र. 82 में दर्ज ख.न. 27, 61, 62, 291, 308, 409, 559, 560/1, 560/2, 563, 564/1, 564/2, 565/1, 570/2, 571/2, 578, 592, 636, 655/1, 700, 739, 817, 824 /2, 851, 854, 1133, 1199, 1381/2, 1390, 1403, 1509 कुल ख.न. 31 कुल रकबा 2.9130 हे. भूमि आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम से राजस्व अभिलेख दर्ज है। उक्त भूमि कुल ख.न. 31 कुल रकबा 2.9130 हे. भूमि को आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य खाता विभाजन किये जाने जाने बाबत आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को यदि किसी प्रकार की कोई दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक **06/10/2025** तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में की गई दावा आपत्तियां पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी। यह ईश्वहार आज दिनांक **19/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार तहसील लवन**

**न्यायालय तहसीलदार लवन,**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक /465/ तह./ वाचक/ 2025 लवन दिनांक 19/09/2025, रा.प्र.क्र. 202407213400002, अ-27/वर्ष 2024-25 ग्राम चिरपोटा प.ह.न. 26

**आवेदक पक्षकार** - व्यासनारायण पिता धनमान उम्र 48 व अन्य पक्षकार 01 वगै.

**// राजस्व मामले में नोटिस प्रकाशन //**

**अनावेदक पक्षकार**- 01. लवकुमार पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 02. गायत्री पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 03. अखिलेख पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 04. कमलेश्वरी पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 05. वंदना पिता दीपचंद जाति कुर्मी, 06. रामकुमारी पति दीपचंद जाति कुर्मी एवं अन्य 10 पक्षकार वगै. सभी ग्राम कोलिहा (कास्तकार ग्राम चिरपोटा प.ह.न. 26 रा.नि.म. लाहोद तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक व्यासनारायण पिता धनमान जाति कुर्मी व 01 अन्य निवासी ग्राम कोलिहा तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि कास्तकार ग्राम चिरपोटा प.ह.न. 26 तहसील लवन में स्थित भूमि खाता क्र. 118 मे दर्ज ख.न. 68, 71/9, 81, 187, 189/2, 196/3, 213/1, 213/2, 222, 223, 242/3, 259/1, 268, 269, 270, 277/1, 282, 294, 296/2, 297/1, 369/1, 403/4, 410, 434/1, 463, 466/1, 483/1, 489, 490/3, 495, 535, 541, 543, 544, 558/1, 561/2, 625/1, 635, 636, 666, 674, 676, 682, 687, 690/1, 691/1, 759, 761/1 कुल ख.न. 49 कुल रकबा 8.4760 हे. भूमि आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम से राजस्व अभिलेख दर्ज है। उक्त भूमि कुल ख.न. 49 कुल रकबा 8.4760 हे. भूमि को आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को यदि किसी प्रकार की कोई दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक **06/10/2025** तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में की गई दावा आपत्तियां पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी। यह ईश्तहार आज दिनांक **19/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया किया गया।

मुहर **तहसीलदार तहसील लवन**

**न्यायालय तहसीलदार सिमगा,**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 20250821100001**
**अ/6 (अ) वर्ष 2024-25**
**साकिन-सीतापार, प.ह.नं. 22**

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सीतापार प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार बांधे पिता बुधेलाल बांधे निवासी व कास्तकार ग्राम सीतापार प.ह.नं. 22 द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं. वास्ते रकबा सुधार किये जाने बाबत प्रस्तुत किया है कि आवेदक के शामिल नाम पर ग्राम सीतापार प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा के राजस्व अभिलेख में भूमि ख.नं. 383/6 रकबा 0.0220 हे. भूमि वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि ख.नं. 383/3 शामिल 384/2 का टुकड़ा रकबा 0.040 हे. लगान 0.10 भूमि को आवेदक के पिता बुधेलाल बांधे पिता स्व. बिसहत बांधे ने पंजीकृत बिक्रीपत्र दिनांक 10/11/2014 के माध्यम से विक्रेता बलीराम पिता लोकनाथ जाति कुर्मी से विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर उपपंजीयक कार्यालय सिमगा में क्रय किया है। क्रय बाद क्रेता ने आवेदित भूमि का विधिवत नामांतरण पंजी क्रं. 21 दिनांक 02/05/2015 को अपने नाम पर दर्ज करा लिया था। आवेदक के पिता क्रय दिनांक से उपरोक्त आवेदित भूमि पर निर्विवाद रूप से काश्त एवं काबिज था जिसके मृत्यु उपरांत आवेदक फौती नामांतरण करवाकर अपने तथा अपने भाइयों के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज करा चुका है जिस पर आवेदक एवं उनके सहखातेदार काबिज है। ऑनलाईन अभिलेख दुरूस्त किये जाने के समय त्रुटिवश आवेदक के भूमि ख.नं. 383/6 रकबा 0.040 हे. भूमि के रकबा को 0.018 हे. कम कर त्रुटिपूर्ण रूप से रकबा 0.0220 हे. ऑनलाइन राजस्व अभिलेख में दर्ज कर दिया गया है। पूर्व राजस्व रिकार्ड अनुसार वर्तमान में हुए रकबा में कमी को मिलान कर पूर्वानुसार रकबा 0.022 हे. को बढ़ाकर रकबा 0.040 हे. भूमि दर्ज करने आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 09/10/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार सिमगा**

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल में जगह जगह दुर्गोत्सव


मोपका । महामाया मंदिर प्रांगण, मोपका।


सिमगा। मां भवानी दुर्गोत्सव समिति सिमगा ।


सिमगा। हरदेव लाल पारा दुर्गोत्सव समिति सिमगा ।


सिमगा । कर्मचारी कालोनी सिमगा ।


मोपका। मध्य नगरी, दुर्गोत्सव समिति

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 सितम्बर 2025 SHOW TIME
जौली LLB-3
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
गुरु बालक दास (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
ओजी
शो समय - 3:00, 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा में सफाई करने वालों का हुआ सम्मान

**सिमगा** । सेवा पखवाड़ा के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजार चौक सिमगा में साफ-सफाई करने वाले प्रबुद्धजनों का शॉल भेंट कर सम्मान किया गया । इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने कहा कि आम जनमानस के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर उनको सीधे लाभ पहुंचाना है । भाजपा की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं होता है । जहां सभी को एक नजर से देखा जाता है। प्रबुद्धजनों के सम्मान कार्यक्रम में संयोजक अभिजीत अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष केजू राम बघेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, पार्षद सचिन जैन, महामंत्री छोटू यादव, राहुल योगेश साहू, अनूप तिवारी, नीरज शर्मा, माया सलूजा, टेबू देवांगन, रूझून सोनकर, परस पाटकर, सरपंच चंद्रमणि साहू, सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### युवाओं ने किया श्रमदान



सिमगा । ग्राम पंचायत धोबनी के जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के चलते गांव में फैली गंदगी की सफाई ग्राम के युवाओं ने खुद ही कर डाला। युवाओं ने बताया कि कई महीने से नाली साफ नहीं हुआ था साथ ही हैंडपंप के समीप ही गंदगी का ढेर लगा हुआ है । जिसके चलते महिलाओं को पानी भरने में असुविधा हो रही थी। साफ-सफाई के अभाव में नाली का पानी और कीचड़ रोड में फैला हुआ रहता था। ग्राम धोबनी में माता चितावरी देवी का अति प्राचीन मंदिर है माता के दर्शन पूजन हेतु दूर-दूर से लोग आते हैं। नवरात्रि पर्व के अवसर पर लोगों को आने जाने में असुविधा हो रही थी जिसे देखते हुए धोबनी के युवाओं ने आगे आकर श्रम दान कर गंदगी को साफ सफाई किया। जिसमें कैलाश साहू, रूपेश साहू, चेतन साहू, तरुण साहू, नरेश साहू, राहुल नामदेव साहू, महेश साहू, और अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया ।

पर्व : मांदर की थाप के साथ पहुंचे देवालयों में

# पंचमी पर घोटिया में हुई देवी-देवताओं की विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

ग्राम पंचायत घोटिया में परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी नवरात्र पंचमी का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। गांव की माता सेवा समिति के सदस्यों ने सुबह से ही मांदर की थाप के साथ पूजा सामग्री एकत्र कर गांव के सभी देवालयों और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने गांव की सुख-समृद्धि, शांति और मंगलकामना के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें गांव के सभी इष्ट देवी-देवताओं की विधिवत आराधना की जाती है। माता सेवा समिति का उद्देश्य है कि देवी-देवताओं की कृपा से गांव में हमेशा खुशहाली बनी रहे। नवरात्रि के पावन अवसर पर गांव की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रतिदिन गांव के चौक पर श्रद्धालुओं के लिए खीर, पूड़ी और हलवा का भव्य प्रसाद वितरण किया जा रहा है। साथ ही गांव की गलियों और चौक-चौराहों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है।





**भाटापारा।** ग्राम भरतपुर में नव युवक दुर्गा समिति के द्वारा 27 वें वर्ष विराजमान किया गया है। 28 सितम्बर रविवार को मनोज आडिल का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम सरपंच अंजू बाई ध्रुव एवं नव युवक दुर्गा समिति के द्वारा रखा है।

## पंचमी पर गांव में की गई देवी देवताओं की पूजा-अर्चना



**घोटिया ।** पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत वटगन में परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी नवरात्र पंचमी का आयोजन धूमधाम से किया गया। ग्राम वटगन माता सेवा समिति के सदस्यों ने सुबह से ही पूजा सामग्री एकत्रित कर मांदर की थाप के साथ गांव के प्रत्येक देवालय और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पूरे गांव की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की गई।ग्राम सरपंच बाबूलाल बंजारे ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुजन पूरे उत्साह के साथ माता की सेवा और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। गांव की माता सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष सभी इष्ट देवी-देवताओं की आराधना की जाती है, ताकि गांव में खुशहाली और शांति बनी रहे। नवरात्र के अवसर पर गांव की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। प्रतिदिन चौक पर खीर, पुरी और हलवे का प्रसाद वितरित किया जाता है। गांव की गलियों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाता है। महाअष्टमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों की मान्यता है कि इस प्रकार की सामूहिक आराधना से गांव हर तरह के रोग-दोष और विपत्ति से मुक्त रहता है तथा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।





बंगोली | ग्राम बरौंडा के बजरंग चौक मे नव दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों के सानिध्य मे जगत जननी मां जगदंबे जी की प्रतिमा, ज्योत, फुलवारी से मंदिर शोभामान है |

## विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने किया शस्त्र पूजन

**बलौदाबाजार।** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा शुक्रवार को षष्ठी मंदिर प्रांगण में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरती सराफ ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में टिकेश्वरी पटेल उपस्थित रहीं।

■ विषम परिस्थितियों में शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र का ज्ञान भी आवश्यक

अपने उद्बोधन में श्रीमती पटेल ने कहा कि वर्तमान की विषम परिस्थितियों में शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र का ज्ञान भी आवश्यक है। समाज और संगठन के बीच सामंजस्य बनाए रखना समय की मांग है। वहीं, विनय गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और एकता पर बल दिया। समापन अवसर पर आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सादगी और उत्साह के साथ हुआ तथा अध्यक्ष आरती सराफ ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



**ये रहीं उपस्थित_** इस अवसर पर विशेष रूप से लता वर्मा, राधे दीदी, कमला वर्मा, आरती तिवारी, शालिनी त्रिपाठी, वेदिका सराफ, उमा सोनी, करुणा साहू, नेहा देवांगन, शांति साहू, तमन्ना कसार, शशि केसरवानी, मंजू सोनी, सोनी केसरवानी, खुशबू सोनी, चंचल, सुधा गुप्ता, कांता पटेल, ममता टिकरिहा, प्रिया साहू, राधा सोनी, गुंजन साहू, मुस्कान, विद्या वर्मा सहित नगर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की सदस्याएँ उपस्थित रही।

## ग्रामीण क्षेत्रों में माता की आराधना का सैलाब

खरोरा । नगर व ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों माता भक्ति की बयार चल रही है। शक्ति की भक्ति में लहर लोग पूरी तरीके से डूब गये हैं। नगर के सार्वजनिक दुर्गा पंडाल में माता दुर्गा के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ होकर पड़ा है। नगर मे लगभग 15 से अधिक या स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई व था। है जहां आकर्षक प्रतिमा के साथ-साथ ने के साज-सज्जा लाइट डेकोरेशन एवं तरह दुर्गोत्सव तरह की झांकियों के दर्शन करने लोग हजारों की तादाद में पहुंच रहे हैं। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर खरोरा के देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वहीं चौक-चौराहों में आकर्षक पंडालों में माता की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके साथ ही देवी मंदिरों व विभिन्न देवालयों में आस्था के जोत जगमगा रहे हैं। पंचमी के दिन नौ दुर्गा के एक रूप मां स्कंद माता की पूजा-अर्चना की जा रही है। ज्योतिषाचार्यों की माने तो आज सर्वार्थसिद्धि और अमृत सिद्धि योग बना हुआ है। नवरात्रि में इस तरह के योग विरले ही निर्मित होते हैं। आज शनिवार को मां की होती है। उपासना, सच्चे मन से की गई पूजा-प्रार्थना जरूर स्वीकार होती है यही वजह है कि आज देवी मंदिरों में अपेक्षाकृत श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ देखी गई है नगर के महामाया मंदिर शीतला मंदिर, करियादामा मंदिर काली मंदिर, परमेश्वरी मंदिर त्रिपुरा सुंदरी मंदिर। मां शारदा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति क्लास चल रहा है जा रहे हैं ।



(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
गालब्लेडर एवं गालब्लेडर की पथरी का लेप्रोस्कोपिक विधि व्दारा सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

### पंचमी पर की गई विशेष पूजा अर्चना

**महासमुंद।** बागबाहरा विकास खंड के ग्राम टोंगोपानी कला में फ्रेंड्स युवा संगठन समिति बड़ चौक एवं ग्रामवासियों ने मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर पंचमी के मौके पर श्रृंगार किया।

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

### रंगमंच व बाजार चबूतरे का भूमि पूजन आज

**भाटापारा।** ग्राम पाटन में आज रविवार को भूमि पूजन एवं लोकार्पण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक अध्यक्षता सविता प्रदिप अनंत विशिष्ट अतिथि-भोलाराम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुनील यदु, देवक राम साहू, मथूरा यदु , संकेत अग्रवाल, लक्ष्मी दुकालू ध्रुव, राजेश पटेल , वैभवी टिक्की वर्मा ने बताया पंचायत भवन कुमी समाज भवन रंगमंच एवं बजार चबुतरा का भूमि पूजन किया जाएगा कार्यक्रम में धनेश्वरी अश्विनी वर्मा , अमर गेडरे मनीषा वर्मा, राम ध्रुव संतोष आडिल संगीता आडिल आरती आदि सम्मिलित होंगे।

## न्योता भोज व सेवा गीत से गूंजा विद्यालय का प्रांगण

**खरोरा** । विकासखंड तिल्दा नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में विद्यालय परिसर एक अनूठे आयोजन का साक्षी बना। प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने अपनी सुपुत्री लालिमा वर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ ग्रामवासियों को भी आमंत्रित किया गया। नेवता भोज में बच्चों ने स्वादिष्ट फलों एवं विविध व्यंजनों का आनंद उठाया। आयोजन को और भी खास बना दिया ग्राम की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति से ओत-प्रोत सेवा गीतों ने। गीत-संगीत से वातावरण





भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो उठा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल राम वर्मा, सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन, शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे, मैडम भारतीय तांती सहित संकुल के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411